# अष्टम् राष्ट्रीय कोसीडीसी अवार्ड्स-2022

## चर्चा में क्यों?

17 नवंबर, 2022 को राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने जोधपुर ज़िले के शिकारगढ़ में राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (रीको) के तत्वावधान में काउन्सिल ऑफ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कोसीडीसी) की ओर से अष्टम् राष्ट्रीय कोसीडीसी अवार्ड्स-2022 समारोह का शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- मंत्री शकुंतला रावत ने कोसीडीसी की ओर से देश के विभिन्न हिस्सों की कंपनियों, संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पदाधिकारियों एवं उद्यमियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिये नेशनल अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। आउटस्टैंडिंग एसआईडीसी अवार्ड ईडीसी लिमिटेड, गोवा को प्रदान किया गया।
- समारोह में आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु एवं राजस्थान के 50 उद्यमियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया। इनमें सर्वाधिक 21 उद्यमी राजस्थान के हैं।
- राजस्थान में प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उद्योगों के विकास एवं विस्तार के साथ ही इनमें उत्तरोत्तर निवेश की अपार संभावनाएँ हैं और ऑन शॉप डीलिंग में क्रूड ऑयल उत्पादन करने के मामले में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
- प्रदेश के बाड़मेर ज़िले के पचपदरा में स्थापित हो रहे पैट्रोलियम रिफाइनरी व पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के उत्पादों पर आधारित डाउनस्ट्रीम उद्योगों की स्थापना के लिये पचपदरा में ही रीको द्वारा राजस्थान पेट्रो जोन के रूप में एक पेट्रोलियम केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स इन्वेस्टमेंट रीजन की स्थापना की जा रही है।
- उद्योग मंत्री ने बताया कि हाल ही में प्रदेश में नई राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2022 लागू की गई है और यह विभिन्न राज्यों में प्रचलित स्कीम्स में सबसे बेहतरीन है, जिसमें नवाचारों और अधिकतम व्यावहारिकता के साथ उद्यमों के लिये विभिन्न सहूलियतों एवं रियायतों का समावेश किया गया है। इसमें सेक्टर स्पेसिफिक पॉलिसीज, जैसे कि सोलर एनर्जी पॉलिसी, इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी आदि भी लागू की गई हैं।
- प्रदेश में 10 करोड़ से ज़्यादा के निवेश वाले उद्यमों के लिये वन स्टॉप शॉप प्रणाली लागू की गई है। इसके अंतर्गत 14 विभागों के अधिकारी ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन में एक ही छत के नीचे ऐसे उद्यमों को तीव्र गति से स्वीकृतियाँ प्रदान कर रहे हैं।
- उन्होंने बताया कि प्रदेश में पारदर्शी एवं बेहतरीन पॉलिसी फ्रेमवर्क, सुविधाजनक एवं निवेश वातावरण के अलावा उद्योगों के लिये इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर का तीव्र गति से विकास किया गया है तथा राज्य के प्रत्येक उपखंड में रीको का कम-से-कम एक औद्योगिक क्षेत्र होगा। पिछले माह रीको ने ऐसे 25 औद्योगिक क्षेत्र लान्च किये हैं। वर्तमान में राज्य में रीको के 400 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र हैं।
- उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत राज्य में खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन तथा जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने के लिये नई कंपनी राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड का गठन कर दिया गया है।
- भारतीय एवं विदेशी कंपनियों से निवेश पाने के मामले में राजस्थान देश भर में दूसरे स्थान पर है। राजस्थान को मिलने वाला नया निवेश वर्ष 2020-21 में 37 हज़ार करोड़ रुपए के मुकाबले वर्ष 2021-22 में 535 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख 37 हज़ार करोड़ रुपए पहुँच गया। इस दृष्टि से राजस्थान औद्योगिक विकास, निवेश आदि सभी क्षेत्रों में अनुकूलतम राज्य की पहचान कायम कर रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/8th-national-cocdc-awards-2022